

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

*संख्या–21/2026*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना 14 फरवरी, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने महाशिवरात्रि के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि की रात में जागकर जप और ध्यानादि करने का विशेष महत्व है। यह त्योहार हमें भक्ति और साधना से अन्तर को ऊर्जान्वित कर शिव संकल्प लेने का संदेश देता है।

राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पर्व को पूर्ण भक्ति भाव और विश्व कल्याण की भावना के साथ सोल्लास मनाने की अपील की है।

राज्यपाल ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

.........................................